आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–03 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुरादाबाद के डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में आयोजित दीक्षांत समारोह में लिया हिस्सा। कहा आज सुशासन के मॉडल के रूप में देखा जा रहा उत्तर प्रदेश।
- मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री ने की बैठक। आदमखोर भेड़िये और तेंदुए के हमले रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिए निर्देश।
- लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हुआ चीफ मीनिस्टर्स फुटबॉल मैच का उदघाटन। मोहन बागान ने ईस्ट बंगाल को चार–तीन से हराया।
- सोमवती अमावस्या पर गंगा सहित प्रदेश के सभी प्रमुख नदियों में श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी : चित्रकूट में लगे मेले में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुरादाबाद की डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में पुलिस उपाधीक्षकों के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षु अधिकारियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश में सुशासन की नींव अच्छी कानून व्यवस्था से मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में किए गए सुधार का ही परिणाम है कि बीते साढ़े सात वर्षों में प्रदेश के भीतर कोई दंगा नहीं हुआ है। आज उत्तर प्रदेश सुशासन के मॉडल के रूप में पूरे देश में देखा जा रहा है। रूल ऑफ लॉ के कारण प्रदेश को लेकर लोगों की धारणा बदली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार ने कई सुधार किए हैं।

***पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए वर्तमान में हमारी सरकार ने अनेक रिफॉर्म किए हैं। पुलिस का आधुनिकीकरण किया है। पिछले सात वर्ष में पुलिस बल में नई भर्तियों को लेकर के संसाधनों की उपलब्धता में पार वृद्धि हुई है। प्रदेश सरकार द्वारा पुलिस को सुदृढ़ करने के लिए एक लाख साठ हजार से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती भी की गई है। उत्तर प्रदेश में साठ हजार दो सौ से अधिक पदों पर चयन की प्रक्रिया कोआगे बढ़ाते हुए लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक सकुशल सम्पन्न की गई। पिछले सात वर्षों के दौरान पुलिस प्रशिक्षण की क्षमता को भी तीन गुना से अधिक बढ़ाने में सफलता प्राप्त हुई है।***

पुलिस अकादमी में अट्ठारह माह का प्रशिक्षण लेने के बाद कल नए कानून के जानकार चौहत्तर डिप्टी एसपी पास आउट हुए हैं। इनमें अट्ठारह महिला और छप्पन पुरुष अधिकारी शामिल हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में हुई मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए कल विभागीय मंत्री और संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने इन घटनाओं को रोकने, स्थिति की निगरानी करने और घटनाओं के बढ़ने के कारणों पर मंथन करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि आदमखोर भेड़िये या तेंदुए द्वारा हमले की घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने प्रभावित जिलों में प्रशासन, पुलिस, वन विभाग, स्थानीय पंचायत, राजस्व विभाग द्वारा व्यापक जन जागरूकता पैदा करने और लोगों को सुरक्षा के उपायों के बारे में भी बताने के आदेश दिए। बैठक के बाद वन मंत्री ने बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बिजनौर सहित अन्य जिलों में तत्काल वन विभाग के अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिये। साथ ही जॉइंट पेट्रोलिंग बढ़ाने का आदेश दिया। उधर, बहराइच की महसी तहसील के पूरे इलाके में जंगली भेड़िये का आतंक बना हुआ है। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को अकेले घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल मुरादाबाद में रामपुर रोड पर आयोजित वृहद रोजगार मेले का उद्घाटन किया। इसके साथ ही करीब चार सौ करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में निष्पक्षता के साथ युवाओं को रोजगार दिया जा रहा है। भर्ती प्रक्रिया में किसी भी तरह की धांधली न होने को लेकर प्रदेश सरकार सतर्क है। रोजगार सृजन का कार्य निरंतर चल रहा है।

**********

केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की कल नई दिल्ली में हुयी बैठक में किसानों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। मंत्रिमण्डल के निर्णयों की जानकारी देते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि किसानों का जीवन बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिये सरकार दो हजार आठ सौ सत्रह करोड़ रूपये के निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना करेगी। इसके अलावा खाद्य और पोषण के फसल विज्ञान के लिये तीन हजार नौ सौ उन्यासी करोड़ रूपये का कार्यक्रम शुरू किया जायेगा। मंत्रिमण्डल ने कृषि शिक्षा और प्रबंधन को मजबूत करने के लिये दो हजार दो सौ बानबे करोड़ रूपये के कार्यक्रम और बागवानी विकास के लिये एक हजार दो सौ दो करोड़ रूपये के आवंटन को भी मंजूरी दी है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में चीफ मिनिस्टर्स कप फुटबॉल मैच का उदघाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षो में प्रदेश में खेल की गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ी हैं। खेलो इण्डिया खेलो और फिट इण्डिया मूवमेंट के माध्यम से खेलों को नई दिशा दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य की सनतावन हजार पंचायतों में एक–एक खेल का मैदान बना रही है इसके अलावा आठ सौ पचीस विकास खण्डों में मिनी स्टेडियम भी बनाये जा रहे हैं। इस अवसर पर फुटबॉल के शीर्ष क्लब इस्ट बंगाल और मोहन बागान के बीच मुकाबला हुआ जिसमें मोहन बागान ने चार–तीन से जीत दर्ज की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल नई दिल्ली के पार्टी मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त किया। अभियान के दौरान नए सदस्य बनाए जाएंगे और पार्टी के मौजूदा सदस्यों की सदस्यता का नवीनीकरण किया जाएगा। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान व्यक्ति को राष्ट्र प्रथम की भावना, जनसेवा के संकल्प, अन्त्योदय के प्रण और विकसित भारत–आत्मनिर्भर भारत के विजन के साथ जोड़ने का आन्दोलन है। लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक को पार्टी की सदस्यता दिलाएंगे।

यह अभियान आज से दस नवंबर तक चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। सदस्यता अभियान का पहला चरण पचीस सितंबर को संपन्न होगा। भाजपा का चुनाव वाले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर पूरे देश में अपने सदस्यता अभियान के हिस्से के रूप में कम से कम दस करोड़ नए सदस्यों जोड़ने का लक्ष्य है।

**********

पेरिस पैरालंपिक में पैरा–बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार ने पुरुष सिंगल्स के एसएल–3 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीत लिया है। उन्होंने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को फाइनल मुकाबले में शिकस्त दी। इससे पहले योगेश कथुनिया ने कल पुरुषों के डिस्कस थ्रो एफ–छप्पन स्पर्धा में रजत पदक जीता। अपने पहले ही प्रयास में बयालीस दशमलव दो–दो मीटर की दूरी तक चक्का फेंक कर उन्होंने सीजन में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ लगातार दूसरा पैरालंपिक रजत पदक जीता। पेरिस पैरालंपिक में भारत ने दो स्वर्ण, तीन रजत और चार कांस्य के साथ अब तक कुल नौ पदक जीते हैं।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद–यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट परीक्षा दो हजार पच्चीस के लिये पंजीकरण की अन्तिम तिथि पांच सितम्बर है। इस तिथि तक छात्र–छात्राओं के शैक्षिक विवरण यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जा सकेंगे।

**********

गोरखपुर के बड़हलगंज और मऊ के दोहरीघाट के रास्ते बेल्थरा और बलिया तक की यात्रा करने वाले लोगों के लिये उत्तर प्रदेश परिवहन ने कल से नई बस सेवा शुरू की है। गोरखपुर से बलिया के यात्रियों के लिये यह बस सेवा प्रतिदिन तीन फेरों में उपलब्ध रहेगी।

**********

सोमवती अमावस्या पर कल गंगा सहित प्रदेश की कई नदियों में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। चित्रकूट में सोमवती अमावस्या मेले में लाखों की संख्या में पहुंचे श्रृद्धालुओं ने पवित्र मंदाकिनी नदी में स्नान कर कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा की। वाराणसी, अयोध्या, कानपुर नगर और अमरोहा सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों में स्नान कर दान पुण्य किया। प्रयागराज में लाखों की संख्या में भक्तों ने गंगा नदी में डुबकी लगाई।

**********